# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
दूरभाष संख्याः–0612–2285262

**सं0सं0ः–बि0वि0मि0–स्था0(बैठक)–01/25 1428 पटना, दिनांक 31/7/26**

## –:: आदेश ::–

मुख्य सचिव, बिहार–सह–अध्यक्ष, कार्यकारी समिति, बिहार विकास मिशन की अध्यक्षता में बिहार विकास मिशन के कार्यकारी समिति की दिनांकः–03.07.2026 को सम्पन्न 11वीं बैठक की कार्यवाही ज्ञापांकः–1409, दिनांकः–23.07.2026 के कार्यावली संख्याः–04 के आलोक में बिहार विकास मिशन में संविदा के आधार पर नियोजित सभी कर्मियों को निम्न उपबंधों के अनुसार उपार्जित अवकाश की अनुमान्यता की स्वीकृति प्रदान की जाती हैः–

(क) संविदा कर्मियों द्वारा हस्ताक्षरित संशोधित एकरारनामा करने की तिथि से एक वर्ष में 16 (सोलह) दिन (सेवा के दूसरे वर्ष से लागू) एवं 60 (साठ) दिन अधिकतम संचित किये जाने की अनुमान्यता होगी।

(ख) HR Manual के HR Policy No. 18 (Employee Rehire/Contract Renewal) की कंडिका– 5.4 एवं कंडिका–7.2.3 के आलोक में उपार्जित अवकाश की गणना हेतु नव संशोधित प्रारूप में सम्पन्न एकरारनामा में हस्ताक्षर की तिथि सेवा की प्रथम तिथि मानते हुए गणना की जायेगी। तत्क्रम में एकरारनामा हस्ताक्षर की तिथि के एक वर्ष बाद की तिथि से संचित उपार्जित अवकाश के उपभोग की अनुमान्यता होगी।

2. उपर्युक्त प्रावधान को बिहार विकास मिशन के HR Manual में समाहित किया जाता है।

31/7/2026

**(अरविन्द कुमार चौधरी)**
सदस्य सचिव
बिहार विकास मिशन

**ज्ञापांकः–बि0वि0मि0–स्था0(बैठक)–01/25 1428 पटना, दिनांक 31/7/26**

**प्रतिलिपि** :– मुख्य सचिव, बिहार के विशेष कार्य पदाधिकारी/विकास आयुक्त, बिहार के प्रधान आप्त सचिव/पुलिस महानिदेशक, बिहार/सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रधान सचिव/सचिव/मिशन निदेशक, बिहार विकास मिशन/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/7/2026

सदस्य सचिव
बिहार विकास मिशन

**ज्ञापांक:–बि0वि0मि0–स्था0(बैठक)–01/25** 1428 **पटना, दिनांक** 31/7/26

**प्रतिलिपि** :– मुख्य महाप्रबंधक/अपर निदेशक (प्रोग्राम मॉनिटरिंग)/अपर निदेशक (प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन)/सभी महाप्रबंधक/सभी उप मिशन निदेशक, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/7/2026

सदस्य सचिव
बिहार विकास मिशन

3.45 P.M
31/7/26